Title: Demand to look into the discrimination of officers belonging to SC&ST.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, जब से यह सरकार आई है तब से आदिवासी, शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राईब्स के लोगों की सी.आर खराब की जा रही है, उनको एग्जिक्यूटिव पोस्ट नहीं दी जाती हैं और उनके ऊपर गलत इल्जाम लगाकर सस्पैंड कर दिया जाता है। मैथ्यू थामस नाम के एक ऑफिसर थे। ये तहलका वाले मैथ्यू नहीं दूसरे मैथ्यू हैं। वे शैड्यूल्ड कास्ट के अधिकारी थे और अच्छा काम कर रहे थे। उनके ऊपर इल्जाम लगाकर सस्पैंड कर दिया गया है। इस प्रकार से एस.टी और एस.सी के अधिकारियों पर अन्याय हो रहा है। यह सरकार बड़ी-बड़ी बातें तो करती है कि हम एस.टी और एस.सी के अधिकारियों को बहुत सहयोग दे रहे हैं लेकिन अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारियों का रिकार्ड खराब किया जाता है और उन्हें सस्पैंड कर दिया जाता है। क्या इस सरकार का रिकार्ड अच्छा है? हमारे एस.सी. और एस.टी के अधिकारियों को इसी तरह से बदनाम करने का काम हो रहा है। आज उन्हें न्याय मिलना चाहिए और अगर उन्हें न्याय नहीं दिया जाता है तो हम इस सरकार के खिलाफ संघर्ा करने के लिए तैयार हैं। इसलिए हमारे अधिकारियों को प्रौटेक्शन मिलना चाहिए।